परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur-273009 (U.P.) India

Accredited A++ by NAAC

Website: http://ddugu.ac.in

पत्रांकः 7976 / प0नि0का0 / 2024

दिनांक 19 / 11 / 2024

सूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि माननीया कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में **विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के सत्र 2024–25 हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर (प्रथम सेमेस्टर संस्थागत को छोड़कर) संस्थागत/बैक के अर्ह छात्रों की परीक्षा हेतु पंजीकरण/परीक्षाफार्म एवं शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक 14/11/2024 तक रू0 500.00 (रूपये पाँच सौ मात्र) विलम्ब शुल्क सहित** विस्तारित की गई थी। परन्तु कुछ महाविद्यालयों द्वारा अनुरोध किया गया है कि उनके महाविद्यालय के कतिपय अभ्यर्थियों के पंजीकरण/परीक्षाफार्म पूरित नहीं किए जा सके हैं।

तदक्रम में माननीया कुलपति जी के आदेशानुसार **विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के सत्र 2024–25 हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर संस्थागत/बैक एवं प्रथम सेमेस्टर बैक (प्रथम सेमेस्टर संस्थागत को छोड़कर) के अर्ह छात्रों हेतु आनलाईन शुल्क जमा करने** की तिथि दिनांक 20/11/2024 से दिनांक 21/11/2024 दो दिन के लिए रू0 500.00 (रूपये पाँच सौ मात्र) विलम्ब शुल्क सहित एवं **परीक्षाफार्म पूरित करने हेतु दिनांक 20/11/2024 से दिनांक 22/11/2024 तक अंतिम रूप से पुनः विस्तारित की जाती है। जिन छात्र/छात्राओं द्वारा उक्त अवधि में पंजीकरण/आनलाईन परीक्षा शुल्क जमा एवं परीक्षाफार्म पूरित नहीं किया जाता है, तो ऐसे छात्र/छात्रा किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पायेंगे।**

नोट– सभी छात्र/छात्राओं एवं सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षाफार्म में अपना सही Enrollment Number पूरित किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में प्रवेश पत्र जारी न होने तथा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित होने का उत्तर दायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्राओं एवं महाविद्यालय का होगा।

19/11/2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष, को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र/छात्राओं को उक्त से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, को इस आशय से प्रेषित कि वे परीक्षा फार्म ससमय पूरित करवाया जाना सुनिश्चित करें।
3. वित अधिकारी।
4. प्रभारी, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कॉलेज लॉगीन में अपलोड करने का कष्ट करें।
5. निदेशक, सूचना, प्रकाशन एवं जनसम्पर्क केन्द्र, को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रसारित कराने का कष्ट करें।
6. अधीक्षक, परीक्षा गोपनीय/परीक्षा सामान्य।
7. प्रभारी, सबल कक्ष।
8. प्रभारी, कोडिंग एवं परीक्षाफल एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करवाया जाना सुनिश्चित करें।
9. वै0सहायक, कुलसचिव।
10. प्रभारी, निजी–सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

19/11/2024
परीक्षा नियंत्रक